कैलिफोर्निया में भूजल अवतलन

स्रोत: नेचर.कॉम

हाल ही में एक अध्ययन से पता चला है कि **कैलिफोर्निया की सैन जोकिन घाटी अत्यधिक भूजल दोहन के कारण रिकॉर्ड गति से डूब** रही है तथा कुछ क्षेत्रों में वर्ष 2006 से प्रतिवर्ष एक फुट से अधिक की गिरावट देखी जा रही है।

- घाटी में भूमि के धंसने का इतिहास रहा है, जिसमें आक्रामक **भूजल पम्पिंग** के कारण वर्ष 1925 से 1970 तक महत्त्वपूर्ण भूमि धंसाव हुआ था।
- शोधकर्त्ताओं ने भूमि की ऊँचाई में परिवर्तन को सटीक रूप से मापने के लिये **इंटरफेरोमेट्रिक सिंथेटिक अपर्चर रडार (InSAR)** का उपयोग किया।
  - यह प्रौद्योगिकी बड़े क्षेत्रों में भू-धंसाव की लगातार निगरानी करने की अनुमति देती है, जिससे समस्या के समाधान के लिये मूल्यवान डेटा उपलब्ध होता है।
- **भूमि अवतलन:**
  - **NOAA** के अनुसार, भूमिगत सामग्री की हलचल के कारण भूमि का धंसना हो रहा है।
  - **भूमिगत संसाधनों** जैसे जल, पेट्रोलियम और खनिजों का अत्यधिक दोहन, छिद्र दबाव को कम करता है तथा प्रभावी तनाव को बढ़ाता है, जिसके कारण भूमि अवतलन होता है।
  - **बाढ़-प्रबंधित जलभृत पुनर्भरण** रणनीतियाँ जलभृतों को पुनर्भरित करके अवतलन को कम कर सकती हैं।
- **भारत में भूमि धंसाव:** जोशीमठ डूब रहा है।

//

और पढ़ें: [चनिाब घाटी में भूमि अवतलन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/groundwater-subsidence-in-california